Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## जून 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**हरियाणा** **3**

- संवेदना की पुकार 3
- श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच एमओयू साइन 3
- मुख्यमंत्री ने 8 तीर्थ परियोजनाओं का किया शिलान्यास 4
- राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सीवरेज एवं पेयजल परियोजनाएँ स्वीकृत 5
- श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शुरू करेगा 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान 6
- कैबिनेट ने हूडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम के साथ स्पर से द्वारका एक्सप्रेसवे तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंजूरी दी 7
- जे.सी. विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच समझौता 8
- शिक्षा मंत्री ने इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक का किया विमोचन 8
- 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बॉक्सिंग एवं एथलेटिक्स में हरियाणा बना चैंपियन 9
- चंडीगढ़ और पंचकूला में सीजीएचएस वेलनेस केंद्र का उद्घाटन 10
- मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में 2600 करोड़ रुपए के कार्यों का किया शुभारंभ 11
- मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 10 फेसलेस सेवाओं का किया शुभारंभ 12
- राज्य में सब्जी मंडियों में चारदीवारी, शेड के निर्माण इत्यादि कार्यों के लिये बनाई जाएगी नई नीति 14
- प्रदेश के सभी गाँवों में बनाए जाएंगे आपदा मित्र 15
- बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में डीएचबीवीएन पूरे भारत में चौथे स्थान पर 16
- कैबिनेट मंत्री ने रेवाड़ी के गाँवों में किया साढ़े छह करोड़ रुपए की नहर आधारित पेयजल परियोजना का शिलान्यास 16
- मुख्यमंत्री ने सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिये कीं बड़ी घोषणाएँ 17
- मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई के लिये लगाई जाएगी बड़ी परियोजना 19
- आयुष मंत्री ने हरियाणा योग आयोग की वेबसाइट का किया शुभारंभ 20
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पानीपत में होगा 20
- केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने हरियाणा को दी बड़ी सौगात 21
- 'द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम' 22
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की साहिबा को मिला सर्वश्रेष्ठ यूथ कॉर्डिनेशन पुरस्कार 23
- पीएम किसान सम्मान निधि के लिये अब घर बैठे ही कर सकते हैं ई-केवाईसी 23
- हरियाणा की 'उड़नपरी'-परदादी ने 100 मीटर रेस में जीता गोल्ड मेडल 24
- झज्जर में शुरू होगी लवणता निवारण की परियोजना 25


**नोट :**

# हरियाणा

## संवेदना की पुकार

### चर्चा में क्यों ?

31 मई, 2023 को हरियाणा की जानी-मानी लेखिका तथा समाजसेविका स्वीटी तोमर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को चंडीगढ़ में अपनी पुस्तक 'संवेदना की पुकार' की एक प्रति भेंट की।

### प्रमुख बिंदु

- 'संवेदना की पुकार' पुस्तक के माध्यम से स्वीटी तोमर ने शिक्षा प्राप्त करने में लड़कियों के सामने आने वाली सामाजिक चुनौतियों और बाल विवाह के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला है।
- लेखिका ने बताया कि साहित्य, विशेष रूप से पुस्तक-पुस्तिकाएँ समाज में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।
- इस अवसर पर लेखिका ने मुख्यमंत्री से पुस्तक के माध्यम से उठाए गए बालिका शिक्षा और बाल विवाह से संबंधित सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की।



## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच एमओयू साइन

### चर्चा में क्यों ?

1 जून, 2023 को पलवल ज़िले के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को अंग्रेजी के माध्यम से रोज़गार के क्षेत्र में सक्षम बनाने के उद्देश्य से श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच एक महत्त्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश भाषा के पेशेवर प्रशिक्षण के लिये विख्यात है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भाषायी कोर्स के ऊपर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है और दुनियाभर में अंग्रेजी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।
- अब ब्रिटिश काउंसिल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अंग्रेजी में पारंगत करेगी।
- प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों की सामाजिक एवं पेशेवर उन्नति के लिये अपने कौशल का योगदान देगी।
- ब्रिटिश काउंसिल द्वारा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस कोर्स के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सक्षम और निपुण बनाया जाएगा।
- भाषा व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ पेशेवर उन्नति में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंग्रेजी का पूरी दुनिया में प्रसार है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर को और अधिक सुदृढ़ बना सकते हैं।
- इसी उद्देश्य के साथ श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय,पलवल अपने परिसर में अंग्रेजी, जर्मनी और जापानी भाषा के कोर्स चला रहा है। अब ब्रिटिश काउंसिल के साथ जुड़ने के बाद अंग्रेजी के भाषायी कोर्स में भी और अधिक गुणवत्ता आएगी।



## मुख्यमंत्री ने 8 तीर्थ परियोजनाओं का किया शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

3 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की करनाल ज़िला में लगभग 1177 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली 8 तीर्थ परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने निसिंग ब्लॉक के गाँव बालू में 86.89 लाख रुपए की लागत से 'पृथ्वी तीर्थ', गाँव ओंगद में 112.11 लाख रुपए की लागत से 'रघुवेंद्र दशरथ तीर्थ', निसिंग ग्रामीण में 159.31 लाख रुपए की लागत से 'मिश्रक तीर्थ' का शिलान्यास किया।
- इनके अलावा असंध में 40 लाख रुपए की लागत से 'धनक्षेत्र तीर्थ', गाँव अजंनथली में 229.77 लाख रुपए की लागत से 'अजंनी तीर्थ', गाँव पतनपुरी में 231.29 लाख रुपए की लागत से 'प्रोक्षांत तीर्थ', गाँव सीतामाई में 134.52 लाख रुपए की लागत से 'वेदवती तीर्थ' तथा गाँव बस्तली में 183.06 लाख रुपए की लागत से 'व्यास स्थल तीर्थ' के कार्य का शिलान्यास किया।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड केवल कुरूक्षेत्र ज़िला के तीर्थों का ही देखभाल करता था, लेकिन अब धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र प्रसिद्ध तीर्थ के अंतर्गत 48 कोस की परिधि में स्थापित 164 तीर्थों के महत्त्व को समझते हुए कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा जीर्णोद्वार किया जा रहा है।
- कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा तीर्थ परिक्रमा को विकसित करने का भी निर्णय लिया जा रहा है ताकि लोगों की आस्था के केंद्र तीर्थों पर गाँव के लोगों के साथ-साथ बाहर के लोग भी दर्शन के लिये आएँ, इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और लोगों को रोज़गार भी मिलेगा।




## राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सीवरेज एवं पेयजल परियोजनाएँ स्वीकृत

### चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ में आयोजित बैठक में राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सिवरेज एवं पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

### प्रमुख बिंदु

- जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री ने बताया कि अंबाला शहर में टिंबर मार्केट चौक नज़दीक खेड़ा, आर्य नगर चौक नंदी मोहल्ला से दक्षिण डिस्पोजल तक पुरानी सीवरेज व्यवस्था को सीआईपीपी तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 1349.31 लाख रुपए की लागत आएगी।
- करनाल शहर के 10 वार्डों में सीवरेज प्रणाली को बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसमें 425 आरसीसी के मैन हॉल बनाने के अलावा पानी के कनेक्शन किये जाएंगे। इसके लिये लगभग 12037 मीटर लंबी 200 एमएम की पाईप लाईन डाली जाएगी। इस पर लगभग 691.80 लाख रुपए की राशि खर्च किये जाएंगे।
- करनाल शहर में पेयजल के लिये 14 ट्यूबवेल एवं सबमर्सिबल पंप सेट लगाने और पेयजल एवं सीवरेज के लिये नई पाईप लाईन के कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य पर 759.60 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस प्रकार करनाल शहर में सीवरेज एवं पेयजल योजनाओं पर 1451 लाख रुपए से अधिक की लागत आएगी।
- 'महाग्राम योजना' के तहत हिसार ज़िले के गाँव सीसवाल में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य पर 1167.77 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। सीसवाल में लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिये पेयजल योजना पर पहले ही कार्य किया जा रहा है।
- कैथल ज़िले के गाँव कौल में सीवरेज लाइन एवं 2.50 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मैन पंपिंग स्टेशन को चालू करने आदि के कार्य पर 540.89 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इन परियोजनाओं को आगामी माह में शुरू किया जाएगा।

नोट :

- जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को मेवात रैनीवेल परियोजना को जल्द पूरा करने और पिंजौर व मोरनी क्षेत्र की पेयजल समस्या का तुरंत प्रभाव से निदान करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने रेवाड़ी के रघुनाथपुरा, इब्राहिम बिशनुपर में जलघर का जल्द निर्माण करने के लिये आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के निर्देश भी दिये।



## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शुरू करेगा 'सेल्फी विद डॉटर'अभियान

### चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को हरियाणा के पलवल ज़िले में स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा बेटियों के सम्मान में 'सेल्फी विद डॉटर'अभियान का शुभारंभ 9 जून को किया जाएगा। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में देश-दुनिया से कई बड़ी हस्तियाँ जुड़ेंगी।

### प्रमुख बिंदु

- कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि बेटियों के सम्मान में इस सामाजिक अभियान को बड़ा आयाम देने की पहल की जा रही है। बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उन्हें सम्मान देने के साथ-साथ इस अभियान में एक शपथ भी होगी। इस शपथ के माध्यम से दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिया जाएगा।
- 'सेल्फी विद डॉटर'अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान हैं तथा यह अभियान विशेष तौर पर दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा।
- विदित है कि समाज सेवी सुनील जागलान ने 9 जून 2015 को 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान की शुरुआत की थी। वह इस बार के अभियान में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ जुड़े हुए हैं।
- कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एक अपील भी की जाएगी कि सभी अपनी-अपनी बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें ताकि लोगों में बेटियों के प्रति नज़रिया बदले। जिनके घरों में बेटियाँ नहीं हैं, उनसे दिव्यांग बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड करने का आह्वान किया जाएगा।
- 'सेल्फी विद डॉटर'अभियान की अवॉर्ड विनर रिदम और इस अभियान की ब्रांड एंबेसडर अनवी भी इस समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके अतिरिक्त इस अभियान को नेपाल में प्रोत्साहित करने वाले विक्रम श्रेष्ठ भी ऑनलाइन माध्यम से समारोह का हिस्सा बनेंगे।
- यह होगी शपथ- 'मैं अपने परिवार और समाज में सभी बेटियों का सम्मान करने का संकल्प लेता/लेती हूँ। मैं संकल्प लेता/लेती हूँ कि जब भी किसी दिव्यांग बेटी से मिलूंगा/मिलूंगी, उसका जीवन बेहतर बनाऊंगा/बनाऊंगी। मैं उसके साथ एक सुंदर सेल्फी लेकर उसे अपने सोशल मीडिया पर अपलोड करके 'सेल्फी विद डॉटर'अभियान को सफल बनाने में योगदान देने का संकल्प लेता/लेती हूँ।

नोट :

# कैबिनेट ने हूडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम के साथ स्पर से द्वारका एक्सप्रेसवे तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंज़ूरी दी


## चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक स्पर (साइड लाइन) के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम तक 28.50 किमी. की दूरी तय करने वाली मेट्रो कनेक्टिविटी को मंज़ूरी दी है। इस मार्ग में 27 स्टेशन होंगे।

### प्रमुख बिंदु

- इस परियोजना को पूरी करने की कुल लागत 5,452 करोड़ रुपए होगी। यह 1435 एमएम (5 फीट 8.5 इंच) की एक स्टैंडर्ड गेज लाइन होगी।
- पूरी परियोजना एलीवेटेड होगी। बसई गाँव से डिपो तक कनेक्टिविटी के लिये स्पर दिया गया है।
- परियोजना को मंज़ूरी की तिथि से चार वर्ष में पूरा करने का प्रस्ताव है और इसे हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जाना है ।
- इसे मंज़ूरी आदेश जारी होने के बाद भारत सरकार और हरियाणा सरकार के 50:50 स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- विदित है कि अब तक पुराने गुरुग्राम में कोई मेट्रो लाइन नहीं है। इस लाइन की मुख्य विशेषता न्यू गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ना है। यह नेटवर्क भारतीय रेलवे स्टेशन से जुड़ जाएगा। अगले चरण में, यह आईजीआई हवाई अड्डे के लिये कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह क्षेत्र में समग्र आर्थिक विकास भी प्रदान करेगा।

| गलियारे का नाम | लंबाई (किमी. में) | स्टेशन की संख्या | एलीवेटेड / अंडरग्राउंड |
|---|---|---|---|
| हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी सेंटर-मुख्य गलियारा | 26.65 | 26 | एलीवेटेड |
| बसई गाँव से द्वारका एक्सप्रेसवे-स्पर | 1.85 | 01 | एलीवेटेड |
| कुल | 28.50 | 27 | |




नोट :

## जे.सी. विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच समझौता

### चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोज़गार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये।

### प्रमुख बिंदु

- समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये।
- जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जिससे उन्हें आवश्यक कौशल हासिल करने और उद्योग में करियर बनाने हेतु तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके।
- साथ ही, कंपनी छात्रों को औद्योगिक इंटर्नशिप की पेशकश भी करेगी ताकि उन्हें औद्योगिक उत्पादों पर काम करने का अवसर प्रदान किया जा सके।
- छात्रों के कौशल विकास के लिये औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस सहभागिता को अनुसंधान-उन्मुखी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने विशेष रूप से नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती मांग तथा ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।
- उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलावों से पारंपरिक विद्युत पैनल चलन से बाहर हो रहे हैं। इनोविक एनर्जी भी हरित ऊर्जा क्षेत्र की तरफ बढ़ रही है तथा इस क्षेत्र में उपकरणों के विकास पर काम कर रही है। कंपनी इस क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले छात्रों को अपना सहयोग प्रदान देगी।



## शिक्षा मंत्री ने इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक का किया विमोचन

### चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक 'भूलभुलैया खेल पिटारा' का विमोचन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस डिजिटल ई-बुक को आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग, ज़िला कैथल में कार्यरत हिन्दी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला द्वारा इंटरैक्टिव तरीके से तैयार किया गया है।
- इस ई -बुक का प्रयोग विद्यालयों में स्मार्ट कक्षा-कक्ष, डिजिटल लैब, टैब तथा मोबाइल के माध्यम से किया जा सकेगा। इसमें हिन्दी भाषायी दक्षताओं को विकसित करने हेतु सरल एवं रुचिकर पठन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।
- डिजिटल पठन सामग्री का अध्ययन करने के लिये लिंक तथा क्यू आर कोड की सुविधा प्रदान की गई है। विद्यार्थियों को डिजिटल पठन सामग्री पढ़ने के लिये दिये गए लिंक को क्लिक करना होगा तथा उसमें निहित क्यू आर कोड को स्कैन करना होगा। ऐसा करते ही विद्यार्थी हिन्दी दक्षताओं का विस्तृत अध्ययन कर पाएंगे।
- शिक्षा मंत्री ने बताया कि जब तक विद्यार्थी हिन्दी भाषायी दक्षताओं में दक्ष नहीं बन जाते तब तक वे हिन्दी विषय में अच्छे अंक नहीं ला सकते। हिन्दी दक्षताओं में दक्ष होने पर ही विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर स्वयं दे पाने में समर्थ हो पाते हैं।
- शिक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा तैयार हिन्दी भाषायी दक्षताओं को विकसित करने हेतु इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक 'भूलभुलैया खेल पिटारा'का यह संस्करण बच्चों व अध्यापकों की अपेक्षाओं पर पूर्ण रूप से खरा उतरेगा।



## 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बॉक्सिंग एवं एथलेटिक्स में हरियाणा बना चैंपियन

### चर्चा में क्यों ?

9 जून, 2023 को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भोपाल में आयोजित 66वें राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में एथलेटिक्स एवं बॉक्सिंग की प्रथम चरण की प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें हरियाणा ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के मिलाकर 9 स्वर्ण, 7 रजत एवं 4 कॉंस्य पदक के साथ कुल 20 पदकों के साथ यह चैंपियनशिप जीती।

### प्रमुख बिंदु

- इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश कुल 13 पदकों के साथ द्वितीय स्थान पर एवं महाराष्ट्र कुल 11 पदकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।
- बालिका वर्ग की पदक तालिका में महाराष्ट्र प्रथम, पश्चिम बंगाल द्वितीय एवं हरियाणा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालक वर्ग में हरियाणा प्रथम, उत्तर प्रदेश द्वितीय एवं केरल तृतीय स्थान में रहे।
- तृतीय दिवस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रॉस कंट्री दौड़ बालक वर्ग में हरियाणा के बलजीत सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- वहीं, भाला फेंक प्रतियोगिता बालक वर्ग में राज्य के यश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में दीपिका ने स्वर्ण पदक तथा सपना ने रजत पदक जीता।
- लंबी कूद बालक वर्ग में राज्य के दीपक कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में राज्य के सुनील कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, 4400 रिले दौड़ में बालिका वर्ग में हरियाणा द्वितीय स्थान पर रहा।
- बॉक्सिंग में 52 किलो वजन वर्ग में राज्य के मोहित एवं श्लोकी नेगी ने काँस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, 60 किलो वजन वर्ग में पंकज कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- 64 किलो वजन श्रेणी में राज्य के मोहित खरब ने रजत पदक एवं संकल्प लवानिया व लवजीत सिंह संयुक्त रूप से काँस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, 81 किलो वजन वर्ग में क्रश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- इसके अलावा बालिका वर्ग में 45 किलो वजन वर्ग में राज्य की अंजलि ने रजत एवं रवीना व अदिति नेगी ने संयुक्त रूप से काँस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, 48 किलो वजन वर्ग में कशिश मेहता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- 51 किलो वजन वर्ग बालिका वर्ग में राज्य की मीनाक्षी ने स्वर्ण, 54 किलो वजन वर्ग में तनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, 75 किलो वजन वर्ग में राज्य की ऋतु ने काँस्य पदक प्राप्त किया।
- विदित है कि 66वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रथम चरण के एथलेटिक्स एवं बॉक्सिंग के मुकाबले संपन्न हो गए हैं। आगे अब बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं फुटबॉल के मुकाबले टीटी नगर स्टेडियम एवं भोपाल के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित होंगे।




## चंडीगढ़ और पंचकूला में सीजीएचएस वेलनेस केंद्र का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

9 जून, 2023 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने चंडीगढ़ और पंचकूला में सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इन दो वेलनेस केंद्रों के खुलने से न केवल चंडीगढ़-पंचकुला-मोहाली ट्राइसिटी क्षेत्र में बल्कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के समीपस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगियों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

- विदित है कि चंडीगढ़ में पहले से ही 47000 पंजीकृत लाभार्थियों के साथ एक सीजीएचएस वेलनेस केंद्र था। दूसरे वेलनेस केंद्र के खुलने से लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है क्योंकि कार्य का भार अब दो वेलनेस केंद्रों के बीच बँट जाएगा और प्रतीक्षा समय कम हो जाएगा और नागरिकों के लिये जीवन सरल हो जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि सीजीएचएस शहरों का कवरेज 2014 में 25 शहरों से विस्तारित होकर 2023 में 80 हो गया है।
- डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सीजीएचएस प्रौद्योगिकी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समेकित कर दिया गया है और शीघ्र ही सीजीएचएस को भारत के 100 शहरों तक विस्तारित करने के लक्ष्य के साथ भारत में अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा तक लोगों की पहुँच में और वृद्धि की जाएगी।




## मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में 2600 करोड़ रुपए के कार्यों का किया शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

11 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सोनीपत ज़िले के गन्नौर स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में 2600 करोड़ रुपए के दूसरे चरण के कार्यों के निर्माण का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 55 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि यह बागवानी मंडी भारत ही नहीं बल्कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी बनेगी। इससे उत्तर भारत के राज्यों के क्रेताओं-विक्रेताओं को विशेष लाभ मिलेगा। यह दिल्ली की आज़ादपुर मंडी के बेहतरीन विकल्प के रूप में तैयार होगी, जिसमें हर प्रकार की सुविधाएँ मुहैया होंगी।
- इससे राज्य के किसानों की आमदनी दोगुनी होगी। साथ ही यह किसानों के साथ फल व सब्जी उत्पादकों, आम लोगों तथा व्यापारियों के लिये खासी लाभकारी सिद्ध होगी।
- मंडी किसानों की आत्मनिर्भरता के साथ प्रदेश को भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाएगी, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय को बढ़ाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसकी पूर्ति में मंडी की विशेष भूमिका रहेगी।

- साथ ही, इसमें तीन हज़ार करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को विस्तार दिया जाएगा, जबकि 2600 करोड़ रुपए के टेंडर के कार्यों को दो वर्ष के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। हरियाणा के साथ उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तराखंड राज्यों के किसान-व्यापारी मंडी का लाभ उठा सकेंगे।
- मुख्यमंत्री ने गन्नौर खंड के सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को तीन वर्षों के लिये पाँच हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से सब्सिडी दिए जाने की घोषणा भी की। विदित है कि वर्तमान में गन्नौर खंड में तीन हजार एकड़ में सब्जी उत्पादन किया जा रहा है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरजमुखी उत्पादक किसानों के लिये कुरूक्षेत्र में चार एकड़ भूमि में तेल का कारखाना स्थापित किया जाएगा, जिसकी क्षमता 20 हज़ार मिट्रिक टन की होगी। सुरजमुखी के बीज से तेल व घी का निर्माण किया जाता है।




## मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 10 फेसलेस सेवाओं का किया शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?


12 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 10 फेसलेस सेवाओं का शुभारंभ किया, जो डिजिटल सशक्तिकरण व नागरिकों की सुविधाओं की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। साथ ही मुख्यमंत्री ने फेसलेस सेवाओं का ब्रोशर भी लाँच किया।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शी व नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करना और राज्य के समग्र विकास और कल्याण में योगदान देना है।
- हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सेवाओं का लाभ आवंटी अब व्यक्तिगत रूप से एस्टेट कार्यालय जाने की आवश्यकता के बिना कहीं से भी उठा सकते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 24 × 7 सुलभ है, जिससे नागरिक आसानी से अपने आवेदन जमा कर सकते हैं और अपनी सुविधानुसार सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन प्रणाली का उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस उपयोगकर्ताओं के लिये एक सहज और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित व आवेदन प्रक्रिया को सरल करता है और नागरिकों को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के माध्यम से आसानी से नेविगेट करने की अनुमति देता है।
- फेसलेस सर्विस से पारदर्शिता बढ़ेगी क्योंकि आवेदक अपने आवेदनों की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और ऑनलाइन अपडेट प्राप्त कर सकते हैं।

नोट :

- इसके अलावा, सिस्टम की फेसलेस सर्विस आवंटन प्रक्रिया में निष्पक्षता और निष्पक्षता को बढ़ावा देती है, जिससे सभी के लिये समान अवसर सुनिश्चित होते हैं।
- फेसलेस सर्विस के शुभारंभ से राज्य के नागरिकों को कई लाभ होंगे और आवंटी अब विभिन्न सेवाओं के लिये आवेदन कर सकते हैं, जैसे- स्थानांतरण अनुमति पत्र, नॉन ड्यूज प्रमाण पत्र, गैर-भार प्रमाण पत्र, इंडिपेंडेंट तल-स्थानांतरण अनुमति पत्र, मोर्टगेज अनुमति पत्र, इंडिपेंडेंट तल पुर्न आवंटन पत्र, डी-मोर्टगेज अनुमति पत्र, स्थानांतरण अनुमति रद्द करना, आवंटन पत्र (ई-नीलामी) और पुन: आवंटन पत्र की सुविधाएँ प्रदान की जाएगी।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन एचएसवीपी के हर सेक्टर में जाकर लोगों को एचएसवीपी द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी देगी और उन्हें जागरूक करने का काम करेंगी।
- बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष इन सेवाओं का 62 हजार लोगों ने मैनुअल माध्यम से लाभ लिया है, लेकिन अब इन सभी सेवाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से ही मिलेगा।
- उपयोगकर्ता को इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिये आवंटी कॉर्नर में लॉगिन करना होगा। उपयोगकर्ताओं को सेवाओं का लाभ उठाने के तरीके के बारे में एचएसवीपी की वेबसाइट पर मार्गदर्शन करके लॉन्च वीडियो के माध्यम से लॉगइन कर सकते हैं।









हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल चंडीगढ़ में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की योजनाओं से संबंधित जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। साथ में हैं मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, श्री वी उमाशंकर और मुख्य प्रशासक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण श्री अजीत बालाजी जोशी। (12.06.2023)

## राज्य में सब्जी मंडियों में चारदीवारी, शेड के निर्माण इत्यादि कार्यों के लिये बनाई जाएगी नई नीति

### चर्चा में क्यों?

13 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशभर में सब्जी मंडियों में चारदीवारी, शेड के निर्माण व मरम्मत, गेट तथा सफाई व्यवस्था इत्यादि कार्यों के लिए एक नई नीति बनाए जाने की घोषणा की।

### प्रमुख बिंदु

- इसके अंतर्गत एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें आढ़ती भागीदार होंगे। इस समिति को मार्केट फीस में से कुछ राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे समिति मंडी के कार्य अपने स्तर पर करवा सकेगी।
- प्रदेशभर में सब्जी मंडी में लगने वाली मार्केट फीस व एचआरडीएफ दर को अब एकमुश्त तय किया जाएगा। इससे संबंधित नियमों में संशोधन के विधेयक को विधानसभा से पारित किया जा चुका है।
- वर्तमान में सब्जी मंडी में 2 प्रतिशत मार्केट फीस व 2 प्रतिशत एचआरडीएफ की दर लागू है। आढ़तियों की मांग पर राज्य सरकार ने विचार करते हुए इसे एकमुश्त करने का निर्णय लिया है।
- विदित है कि कैथल में ट्रांसपोर्ट नगर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा नीति के तहत व्यापारियों को दुकानें बेची गई थीं, लेकिन नीति में कुछ नियम व शर्तों के कारण आज व्यापारी अपनी दुकानें आगे बेच नहीं पा रहे हैं।
- राज्य सरकार ने व्यापारियों की कठिनाई को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि ऐसे व्यापारियों के लिये नई नीति बनाई जाएगी और उन्हें नियमों में छूट दी जाएगी, जिससे वे अपनी दुकानें बेचने में सक्षम हो सकेंगे।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेशभर में शहरों में बने सरकारी गोदामों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के लिये भी नीति बनाई जा रही है। जल्द ही ऐसे गोदामों को शहर से बाहर स्थापित किया जाएगा।

नोट :

- उन्होंने मंडियों में दुकानों से संबंधित चल रहे विवादों के निपटान के लिये सरकार द्वारा चलाये गए विवादों का समाधान योजना को एक वर्ष की अवधि के लिये बढ़ाने की घोषणा की।
- राज्य में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिये राज्य सरकार ने 'व्यापारी कल्याण बोर्ड' का भी गठन किया है। इसके अलावा, 'मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना' के तहत व्यापारियों को बीमा कवर प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'लघु व्यापारी मानधन योजना' के तहत छोटे व्यापारियों को 6 हज़ार रुपए वार्षिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा, 'पीएम-स्वनिधि योजना' के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को 10 हज़ार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक का लोन दिया जाता है।

# प्रदेश के सभी गाँवों में बनाए जाएंगे आपदा मित्र

## चर्चा में क्यों?

13 जून, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सभी राज्यों के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्रियों की बैठक के बाद बताया कि प्रदेश के सभी गांवों में आपदा मित्र बनाए जाएंगे जो आपदा के समय वॉलंटियर के तौर पर कार्य करेंगे और जल्द ही इनका रजिस्ट्रेशन करने के लिये पोर्टल आरंभ किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार भी है।
- उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन बोर्ड द्वारा ज़िला से लेकर ग्राम स्तर तक कमेटियाँ बनाई जाएंगी।
- विदित है कि इस वर्ष बाढ़ और सूखे जैसी संभावित आपदा के समय राहत देने के लिये 1,100 करोड़ रुपए मंज़ूर किये गए हैं, जबकि पिछले वर्षों में क्रमश: 500 करोड़ और 300 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का प्रावधान किया गया था।
- राज्य में जिन क्षेत्रों में बारिश के कारण पानी भरता है, उसकी निकासी तथा नहरों आदि में पानी डालने के लिये भी योजना बनाई जा रही है ताकि न तो फसलों को नुकसान हो और न ही अन्य जान-माल का नुकसान हो।
- उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा संभावित आपदा से पूर्व मोबाइल आदि के माध्यम से मैसेज भेजकर सचेत किया जा रहा है। इस वर्ष भी प्रदेश के लोगों को भारी बारिश, तेज आंधी आदि से संबंधित मैसेज एडवांस में भेजे गए हैं।
- केंद्र सरकार द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि आसमानी बिजली गिरने से होने वाली आगजनी का पूर्वानुमान लगाने वाली तकनीक का ईजाद कर लिया गया है, हरियाणा सरकार भी प्रदेश में जल्द ही इस तकनीक को लागू करने जा रही है जिससे लोगों को जान-माल की हानि से बचाया जा सकेगा।
- बैठक में हरियाणा सरकार की ओर से गृहमंत्री से अनुरोध किया गया है कि हिसार में नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स (NDRF) की एक बटालियन स्थापित की जाए ताकि किसी आपदा के समय तुरंत सहायता पहुँच सके।
- विदित है कि राज्य सरकार ने आईआरबी के 260 जवानों को नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स की ट्रेनिंग भी दी है।
- उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा में चंडीगढ़, पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के लिये सयुंक्त रूप से कमांड-सेंटर बनाया जाना चाहिये ताकि कांगड़ा-सेस्मिक बेल्ट में आने वाले भूकंप का पूर्वानुमान लगाया जा सके।



## बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में डीएचबीवीएन पूरे भारत में चौथे स्थान पर

### चर्चा में क्यों ?

18 जून, 2023 को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के एक प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डीएचबीवीएन बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में पूरे भारत में चौथे स्थान पर है।

### प्रमुख बिंदु

- इसी प्रकार, फतेहाबाद ज़िला दो सालों में बिजली वितरण व संप्रेषण में प्रदेश में प्रथम रहा है। फतेहाबाद ज़िला में दो लाख 86 हज़ार बिजली के कनेक्शन हैं।
- विदित है कि 'म्हारा गाँव जगमग गाँव योजना' के तहत सेड्यूल कट को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे व शहरी क्षेत्रों में 23 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।
- निगम के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में लोगों को बिजली की निर्बाध आपूर्र्ति करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लोगों को सेड्यूल कट की जानकारी एसएमएस व समाचार- पत्रों के माध्यम से पहले ही दी जाती है।

## कैबिनेट मंत्री ने रेवाड़ी के गाँवों में किया साढ़े छह करोड़ रुपए की नहर आधारित पेयजल परियोजना का शिलान्यास

### चर्चा में क्यों ?

17 जून, 2023 को हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए राज्य के रेवाड़ी ज़िले के गाँव नांगल मूँदी व लाला ग्राम में लगभग साढ़े छह करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रही नहरी आधारित जल वितरण परियोजना का शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- गाँव लाला में दो करोड़ 88 लाख रुपए व गाँव नांगल मूँदी में तीन करोड़ 47 लाख 60 हज़ार रुपए की नहरी जल परियोजना से इन दोनों गाँव के अलावा करीब के कई अन्य गाँव भी लाभान्वित होंगे।
- जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार की 'हर घर नल से जल' स्कीम के तहत गाँव के सभी घरों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने का स्वच्छ जल वितरित किया जा रहा है।

नोट :

- मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि यह सरकार की कल्याणकारी एवं व्यवस्था परिवर्तन की नीतियों का ही फल है कि बावल विधानसभा क्षेत्र में 2014 से पहले पेयजल की जो भीषण समस्या थी, उस समस्या से अब पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।




## मुख्यमंत्री ने सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिये कीं बड़ी घोषणाएँ

### चर्चा में क्यों ?

17 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कई बड़ी घोषणाएँ कीं।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में राज्य में जितने भी राशन डिपो अलॉट होंगे, उनमें 33 प्रतिशत डिपो महिलाओं को देने का निर्णय सरकार ने लिया है। यदि कोई स्वयं सहायता समूह राशन डिपो के लिये आवेदन करता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।
- इसके अलावा, पंचायत की ज़मीन या तालाब का मछली पालन के ठेके के लिये भी सेल्फ हेल्प ग्रुप आवेदन करता है तो उसे नीलामी की राशि में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
- बस स्टैंड पर भी जो दुकानें लॉटरी या किसी अन्य तरीके से आवंटित की जाएंगी तो 25 प्रतिशत सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के लिये आरक्षित रखी जाएंगी। यदि ये दुकानें नीलामी के माध्यम से आवंटित की जाएंगी तो एसएचजी को नीलामी की राशि में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- यदि स्वयं सहायता समूह के किसी सदस्य के परिवार की आय 1.80 लाख रुपए से अधिक बढ़ती है तो 1 वर्ष के लिये उनका राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड नहीं काटा जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय में एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा, ताकि सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़े लाभार्थी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें।
- विदित है कि प्रदेश में वर्ष 2014 में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 812 थी। वर्ष 2014-15 में राज्य सरकार ने स्वयं सहायता समूह की ओर ध्यान दिया और पहले ही साल में 2100 नए सेल्फ हेल्प ग्रुप्स बने और वर्तमान में प्रदेश में कुल 57,376 स्वयं सहायता समूह हैं।
- इन्हें 54 करोड़ 57 लाख रुपए रिवोलविंग फंड, लगभग 285 करोड़ रुपए सामुदायिक निवेश फंड और लगभग 880 करोड़ रुपए बैंक क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने रिवोलविंग फंड की राशि को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया है।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएचजी से जुड़कर महिलाएँ स्वरोज़गार अपनाकर अपने परिवार का पालन-पोषण तो कर ही रही हैं, साथ ही अन्य महिलाओं को भी रोज़गार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इसलिये सेल्फ हेल्प ग्रुप की बजाय इन्हें 'सोशल हेल्प ग्रुप' कहना सार्थक होगा।
- 'हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' से जुड़ी हुई महिलाओं को सराहनीय कार्यों व समाज में योगदान देने के लिये विभिन्न संस्थाओं व संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है। ज़िला गुरुग्राम के गाँव चांदू निवासी पूजा शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान ही अधिकारियों को आदेश दिये कि एक पोर्टल विकसित किया जाए, जिस पर सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा बनाए गए उत्पादों की जानकारी डाली जाए। इन उत्पादों की गुणवत्ता को सर्टिफाई कर एक ब्रांड की पहचान दी जाए, ताकि लोग इस पोर्टल के माध्यम से सेल्फ हेल्प ग्रुप के उत्पाद खरीद सकें।
- स्वयं सहायता समूहों द्वारा बने उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध करवाने के लिये स्वापन आजीविका मार्ट और सरस मेले वर्षभर आयोजित करने का कार्यक्रम बनाया है। इसके तहत तीज व दीपावली के अवसर पर पूरे प्रदेश में उपमंडल स्तर पर स्वापन आजीविका मार्ट आयोजित किये जाते हैं।
- राज्य में एसएचजी के लिये विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर तथा भारतीय बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान से उत्तीर्ण होकर 773 महिलाएँ बैंक सुविधा प्रदाता के तौर पर काम कर रही हैं।
- इसके अलावा, राज्य सरकार एसएचजी द्वारा बनाए गए उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये 'पदमा स्कीम' के तहत 'वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट' को प्रोत्साहित कर रही है।
- सिलाई प्रशिक्षण योजना के तहत कच्चा सामान खरीदने के लिये दी जाने वाली 150 रुपए की राशि को बढ़ाकर 300 रुपए और 100 रुपए मासिक भत्ते को बढ़ाकर 600 रुपए किया गया है। इस योजना के तहत प्रशिक्षण उपरांत सिलाई मशीन भी दी जाती है। नवंबर, 2014 से अब तक 9,921 लाभार्थियों को 5 करोड़ 85 लाख 53 हज़ार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।
- स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को आजीविका के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाने के लिये आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत 149 लाभार्थियों को वाहन हेतु 5 करोड़ 41 लाख रुपए की ब्याज रहित राशि उपलब्ध करवाई गई है।



नोट :

# मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई के लिये लगाई जाएगी बड़ी परियोजना

## चर्चा में क्यों ?

19 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक में शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं में बसे राज्य के पंचकूला ज़िले के मोरनी क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की एक बड़ी परियोजना लगाने के निर्णय को मंज़ूरी प्रदान की गई।

## प्रमुख बिंदु

- मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की परियोजना के अलावा, बैठक में लगभग 87 करोड़ रुपए से अधिक की खरीद व कॉन्ट्रैक्ट को मंज़ूरी दी गई।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरनी खंड में टपरिया, कंडियावाला, कैंबवाला, खैरवाली परवाला और लश्करीवाला गाँवों के लिये सौर ऊर्जा संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल सिंचाई की सुविधा मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी।
- इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी ऐसे प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे।
- बैठक में बताया गया कि एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत इंफिल्ट्रेशन गैलरी बनाई जाएगी, जिससे साफ पानी को आगे भेजा जाएगा। पाइपलाइन तथा कुहल के माध्यम से पानी को स्टोरेज टैंक तक पहुँचाया जाएगा, जहाँ सूक्ष्म सिंचाई के लिये ड्रिप इरिगेशन प्रणाली स्थापित की जाएगी।
- लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से क्रियान्वित होने वाली इस परियोजना से लगभग 1280 एकड़ क्षेत्र को सिंचाई का लाभ होगा।
- बैठक में गुरुग्राम ज़िला में गाँव बास पदमका से सिवारी तक इंदौरी नदी का पुनरुद्धार की परियोजना को भी मंज़ूरी दी गई। इस पर लगभग 20 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत आएगी।
- इसके अलावा, सिंचाई विभाग की लगभग 10 करोड़ रुपए से अधिक की एक और परियोजना को मंज़ूरी दी गई। इसके तहत, लाखन माजरा लिंक ड्रेन पर वीआर पुलों का पुनः निर्माण किया जाएगा।
- बैठक में आदमपुर में 2 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनाने के साथ ही सीवरेज नेटवर्क सिस्टम स्थापित करने के प्रोजेक्ट को भी मंज़ूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 34 करोड़ रुपए की लागत आएगी।



## आयुष मंत्री ने हरियाणा योग आयोग की वेबसाइट का किया शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

19 जून, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य के आयुष मंत्री अनिल विज ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा योग आयोग की वेबसाइट का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर आयुष मंत्री ने कहा कि हरियाणा योग आयोग ने पिछले कुछ वर्षों में योग के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी स्थान पर खड़ा करने का काम किया है। पूरे भारत में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ योग को शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है और अब आने वाले दिनों में योग चिकित्सकों और प्राकृतिक चिकित्सकों के रजिस्ट्रेशन का कार्य भी हरियाणा योग आयोग के माध्यम से होगा।
- इस अवसर पर बताया गया कि पूरे हरियाणा में 145 स्थानों पर राज्य सरकार एवं ज़िला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन होगा।
- इसके साथ ही योग की विभिन्न संस्थाओं, यथा-हरियाणा में कार्यरत् पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत, आर्ट ऑफ लिविंग, भारतीय योग संस्थान, दिव्य योग मंदिर, ब्रह्मकुमारी परिवार एवं स्थानीय अनेक संस्थाओं के साथ योग भारती इत्यादि द्वारा लगभग 2000 अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन राज्य में किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि योगासन खेल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिये राज्य स्तर पर कई प्रतियोगिताओं के आयोजन भी किये जा रहे हैं। योगासन खेल के रूप में सभी आयु वर्ग के बच्चे अपनी भागीदारी कर रहे हैं।




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पानीपत में होगा

### चर्चा में क्यों ?

19 जून, 2023 को हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में राज्य के सभी ज़िला उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राज्य के पानीपत ज़िले में किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- इसके अलावा, राज्य के 21 ज़िलों में ज़िलास्तरीय कार्यक्रम होंगे तथा 121 ब्लॉकों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

नोट :

- इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटंबकम् के लिये योग'है तथा 'हर घर-आंगन योग'टैगलाइन है।
- आयुष मंत्री ने कहा कि इस बार योग दिवस की टैगलाइन 'हर घर आंगन योग'के अनुरूप राज्य सरकार भी हर गाँव में योग को पहुँचाने के लिये योगशालाएँ बनवा रही है। अब तक लगभग 600 योगशालाएँ बन चुकी हैं।
- उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योग दिवस के कार्यक्रम को सही तरीके से आयोजित करने हेतु यूनिफार्म की व्यवस्था हो, प्रतीक चिह्न हो, योगा मैट भी होने चाहिये। साथ ही, एक प्रशिक्षित योग सहायक हो, जो मुख्य मंच पर योग की क्रियाएँ करके अन्य साधकों को अनुसरण करवाएँ।
- इसके अलावा, आयुष मंत्री ने चंडीगढ़ में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम सभी उपायुक्तों को प्रेषित करें और ज़िला व ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में डिस्प्ले का पूरा प्रबंध होना चाहिये, क्योंकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव दिखाया जाएगा।
- राज्य के प्रत्येक शहर व ब्लॉक इत्यादि में योग कक्षाएँ चल रही हैं, इसलिये योग दिवस के दिन ये सभी योगसाधक एक स्थान पर एकत्रित होकर योगाभ्यास करें।
- आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 5 से 6 हज़ार, ज़िला स्तर के कार्यक्रम में 3 से 4 हज़ार और ब्लाक स्तर के कार्यक्रम में एक हज़ार से अधिक भागीदार हिस्सा लेंगें।
- उन्होंने बताया कि इस बार 'भूवन योगा'ऐप के माध्यम से योग दिवस की फोटो व वीडियो को अपलोड किया जा सकता है।



## केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने हरियाणा को दी बड़ी सौगात

### चर्चा में क्यों?

20 जून, 2023 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा के सोनीपत ज़िले में राज्य को सौगात देते हुए दिल्ली से पानीपत तक आठ लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11 फ्लाई ओवरों का लोकार्पण किया।

### प्रमुख बिंदु

- यह परियोजना 24 किलोमीटर लंबी है और इस पर लगभग 900 करोड़ रुपए की लागत आई है।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने दिल्ली से पानीपत तक 11 फ्लाईओवर का उद्घाटन करने के अलावा करनाल बाईपास तथा अंबाला शहर के लिये नए बाईपास का भी शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 3700 करोड़ रुपए है।
- इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 17 नेशनल हाईवे बन चूके हैं और हरियाणा शायद एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जिसके सब ज़िला केंद्र नेशनल हाईवे से जुड़ गए हैं।




## ‘द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’

### चर्चा में क्यों ?

20 जून, 2023 को हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने बताया कि राज्य सरकार बुजुर्ग लोगों को दी जाने वाली पेंशन की तर्ज पर 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ों को भी पेंशन देगी। इस संबंध में सरकार ने ‘द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’ तैयार करके अधिसूचित कर दी है।

### प्रमुख बिंदु

- ‘द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’के तहत दी जाने वाली यह पेंशन 2500 रुपए प्रतिवर्ष होगी। अब लोग अपने घर के आंगन में खड़े और खेत में लगे हुए 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों की पेंशन के हकदार होंगे।
- फिलहाल यह स्कीम 5 साल के लिये बनाई गई है, बाद में आवश्यकता एवं सुझावों के आधार पर इसमें आगे सुधार किया जाता रहेगा।
- स्कीम में एक ही बीज से उत्पन्न पेड़ों को शामिल किया गया है। फिकसबेंगालेंसिस की तरह एक बीज से उत्पन्न होने वाले पेड़ों के उपवन को भी एक ही पेड़ माना जाएगा।
- इस स्कीम में गिरे हुए पेड़, खोखले, मृत, सूखे और रोगग्रस्त पेड़ शामिल नहीं हैं। वन भूमि पर खड़े पेड़ इस योजना के तहत कवर नहीं किए जाएंगे।
- पर्यावरण मंत्री ने बताया कि ‘द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम’में 75 वर्ष से अधिक आयु के किन-किन पेड़ों को शामिल किया जाएगा, यह निर्णय डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी द्वारा किया जाएगा।
- प्राण वायु देवता पेड़ के रख-रखाव के लिये राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन की राशि पेड़ के मालिक के बैंक खाते में भेज दी जाएगी।
- प्राण वायु देवता पेड़ की पेंशन हर वर्ष ‘ओल्ड ऐज सम्मान पेंशन स्कीम’की तर्ज पर हर वर्ष बढ़ाई जाती रहेगी।

नोट :




## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की साहिबा को मिला सर्वश्रेष्ठ यूथ कॉर्डिनेशन पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

25 जून, 2023 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस वॉलंटियर साहिबा को सर्वश्रेष्ठ यूथ कॉर्डिनेशन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- प्रवक्ता ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच, चंडीगढ़ द्वारा पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस एडवेंचर कैंप का आयोजन 19 से 23 जून, 2023 तक मनाली में किया गया था, जिसमें 10 विश्वविद्यालयों एवं सात महाविद्यालयों के 88 महिला विद्यार्थियों एवं यूथ रेड क्रॉस काउंसलर्स ने भाग लिया।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने भी इस कैंप में भागीदारी की थी, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की यूथ रेड क्रॉस वॉलंटियर साहिबा को सर्वश्रेष्ठ यूथ कॉर्डिनेशन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



## पीएम किसान सम्मान निधि के लिये अब घर बैठे ही कर सकते हैं ई-केवाईसी

### चर्चा में क्यों ?

25 जून, 2023 को हरियाणा सरकार के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' के लाभार्थी किसानों को अब ई-केवाईसी कराने के लिये भटकना नहीं पड़ेगा। किसान अब घर बैठे ही इस काम को पूरा कर सकते हैं।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए पीएमकिसान मोबाइल ऐप लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान अब घर बैठे ही पीएम किसान सम्मान निधि के लिये ई-केवाईसी कर सकते हैं।
- उन्होंने बताया कि किसानों को इसके लिये अब ओटीपी या फिंगरप्रिंट की जरूरत नहीं रहेगी। फेस ऑथेंटिकेशन फीचर की मदद से ई-केवाईसी हो जाएगा, साथ ही इसकी मदद से सौ अन्य किसानों का भी ई-केवाईसी किया जा सकता है।
- यह किसानों को योजना एवं पीएम किसान खातों से संबंधित कई जानकारियाँ देने में सक्षम है।
- उन्होंने बताया कि नया ऐप उपयोग में बहुत सरल है। गूगल प्ले स्टोर पर आसानी से डाउनलोड के लिये उपलब्ध है।

## हरियाणा की 'उड़नपरी'-परदादी ने 100 मीटर रेस में जीता गोल्ड मेडल

### चर्चा में क्यों ?

27 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 18वीं युवरानी महेंद्र कुमारी राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देशभर के युवाओं के साथ बुजुर्ग खिलाड़ियों ने भी अपना दम दिखाया, जिसमें हरियाणा की 106 वर्षीय 'उड़नपरी'-परदादी रामबाई ने 100 मीटर रेस में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता।

### प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 'उड़नपरी'-परदादी रामबाई ने अपनी तीन पीढ़ियों के साथ प्रतिभाग किया। रामबाई ने 100 मीटर, उनकी बेटी संतरा और पोती शर्मिला सांगवान ने 5 किमी. की दौड़ में प्रतिभाग किया।
- हरियाणा के चरखी दादरी ज़िले के गाँव कादमा की रहने वाली रामबाई राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी तीन पीढ़ियों के साथ 100, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद में 4 गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास बना चुकी हैं।
- रामबाई अपने गाँव की सबसे बुजुर्ग महिला हैं और उन्हें लोग 'उड़नपरी'-परदादी कहकर बुलाते हैं। वो खुद को फिट रखने के लिये रोज सुबह 5-6 किमी. की दौड़ लगाती हैं।
- रामबाई ने 104 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी दौड़ शुरू की। उन्होंने और गुजरात के वडोदरा में नेशनल ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण पदक जीता था।




नोट :




## झज्जर में शुरू होगी लवणता निवारण की परियोजना

### चर्चा में क्यों?

27 जून, 2023 को हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ डॉ. सतबीर सिंह कादियान ने बताया कि राज्य सरकार झज्जर ज़िले के बेरी ब्लॉक में भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग से लवणता निवारण की एक परियोजना शुरू करने जा रही है।

### प्रमुख बिंदु

- इंजीनियर-इन-चीफ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जलभृत लवणता के इन-सीटू उपचार के लिये ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग किया है।
- हरियाणा सरकार ने बेरी ब्लॉक में लवणता निवारण की परियोजना तैयार करने के लिये भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग (आईएसी) के तहत एक कार्य समूह का गठन किया है, जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।
- सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता बिजेंद्र सिंह नारा को कार्य समूह का अध्यक्ष नामित किया गया है।
- कार्य समूह और भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग की यात्रा निकट भविष्य में निर्धारित होने की योजना है।